तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 1 मई 2024

11 उच्च कक्षाओं में सफलता प्राप्त कर अपने माता-पिता...



12 स्ट्रीट लाइट बंद, आखिर कब मिलेगी नगर के...





# बाल-विवाह में सहयोग करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

## बाल विवाह रोकने के लिए जिला, जनपद और ग्राम स्तर पर मॉनिटरिंग टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

जिला प्रशासन बाल विवाह को रोकने के लिए सतर्क है। अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह को रोकने के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति गठित की गई है। यह टीम जिला, जनपद और ग्राम पंचायत स्तर पर बनाई गई है। टीम में शामिल सदस्यगण संभावित बाल विवाह को रोकने अपने आसपास निगरानी बनाये रखेंगे। साथ ही किसी भी जगह बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर रोकने की कार्यवाही करेंगे। बाल विवाह रोकने के लिए बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री अनिल द्विवेदी के मोबाईल नम्बर 8839239688 पर दे सकते है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बाल संरक्षण समितियों, बाल विकास सेवा परियोजना एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों को अलर्ट रहकर बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिले के जनप्रतिनिधियों, स्वयं-सेवी संगठनों और आम लोगों से बाल विवाह नहीं होने देने की अपील की है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मिशल वात्सल्य योजना महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि 10 मई शुक्रवार को अक्षय तृतीया का पर्व है। इस दिन गांव एवं शहरों में काफी संख्या में विवाह होते है। साथ ही बाल विवाह होने की भी संभावनाएं बनी रहती है। जो कि कानून अपराध है। इस दिन बाल विवाह को रोकने के लिए जिला स्तरीय एवं पांचों ▶▶ शेष पेज 10 पर



### लड़के का 21 वर्ष व लड़की की 18 वर्ष से कम उम्र में विवाह करना अपराध

जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि बाल विवाह में शामिल परिजनों सहित विवाह कराने वाले संस्थान, पुरोहित, टेंट हाउस, प्रिंटिंग प्रेस, नाई सहित बैण्ड बाजा बजाने वाले व्यक्ति से लेकर खाना बनाने वाले सगे संबंधी आदि के विरूद्ध भी कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायेगी। बाल विवाह प्रतिषेध कानून के तहत 21 साल से कम उम्र के लड़के या 18 साल से कम उम्र की लड़की से विवाह करना या कराना अपराध है। निर्धारित आयु से कम उम्र में शादी करने या करवाने की स्थिति में सभी सम्मिलित लोग अपराध की श्रेणी में आयेंगे। इस अपराध के लिए 2 वर्ष तक कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख तक हो सकता है या दोनों से दंडित किये जाने का प्रावधान है।

## खबर संक्षेप



### कवेलू मरम्मत कार्य शुरू बांस, बल्ली के दाम बढ़े

**मैनपुर।** भीषण गर्मी और उमस के बाद पिछले तीन-चार दिनों से मौसम में परिवर्तन हुआ है। आंधी-तूफान के साथ पिछले दिनों बारिश हुई है। वहीं लगातार मौसम खराब होने के बाद अंचल के लोग बारिश से निबटने के लिए कवेलू मरम्मत व अन्य तैयारियों में जुट गई है। ग्रामीण अंचल में इन दिनों लोग कवेलू मरम्मत करा रहे हैं। मजदूर व मिस्त्री इस कार्य में व्यस्त है। इन दिनो मजदूरी कवेलू बदलने के लिए 400 रुपये तक चल रहा है। कवेलू मरम्मत के लिए इन दिनों शहर के बांस बाजार में पूछ परख बढ़ गई है। 10 नग वाले बांस की कीमत 1000 से 900 रुपये तक बिक रहा है। वहीं बारिश नजदीक आने के साथ मकान निर्माण के कार्यों में भी तेजी आ गई है, क्योंकि कई लोग बारिश से पहले मकान बनाना चाह रहे हैं। इसी तरह कोठा, मकान व अन्य जगह कई लोग शेड लगा रहे हैं। दुकानों के सामने भी बारिश से बचने शेड लगा रहे हैं इसलिए बाजार में शेड की मांग भी बढ़ गई है।

### परतेवा में संगीतमय मानस सम्मेलन 2 मई से

**सुरसाबांधा।** ग्राम परतेवा में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय संगीतमय मानसगान सम्मेलन समारोह का शुभारम्भ 2 मई को कलश यात्रा निकाल कर किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुये सचिव उत्तम कुमार ध्रुव ने बताया कि मानसगान समारोह के उद्घाटन अवसर पर प्रथम दिवस में मुख्य अतिथि दुर्गा हीरालाल साहू सरपंच, व सुदामा राम वर्मा उपसरपंच परतेवा तथा समस्त पंचगणों व ग्रामवासियों की उपस्थिति में परेवा वाले गिरीराज भगत व देवरी वाले पंड़ित सुनील शर्मा द्वारा मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वलित कर किया जायेगा। वहीं प्रत्येक दिन 7-7 ख्याति प्राप्त मंडलियो द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी।

### बाजार से बाइक की चोरी

**महासमुंद।** खल्लारी थाना क्षेत्र में एक मोटर सायकल के चोरी होने की घटना सामने आई है। प्रार्थी टुकेश निषाद पिता देवलाल निषाद ने पुलिस को अपनी शिकायत में बताया है कि वह ग्राम भीमखोज में फर्नीचर पर बढ़ई का काम करता है। वह 26 अप्रैल को अपनी मोटर सायकल क्र. सीजी 06 जीपी 0667 डिलक्स से साप्ताहिक बाजार भीमखोज में रोड किनारे अपनी मोटर सायकल रखकर सब्जी लेने चला गया। वापस आने पर देखा तो बाइक वहां नहीं थी। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध धारा 379 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### शराब की अवैध बिक्री पर कार्रवाई तीन गिरफ्तार

**महासमुंद।** महासमुंद जिले के सरायपाली, बसना और सांकरा क्षेत्र में पुलिस की कार्रवाई के दौरान तीन आरोपियों को महुआ शराब के साथ पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध आबकारी एक्ट 34(1) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। सरायपाली पुलिस ने ग्राम झिलमिला में आरोपी प्रभात साहू पिता सुरू साहू (49) के घर से अवैध रूप से बिक्री करने के लिए रखे 3 लीटर महुआ शराब कीमत 600 रुपए एवं नगदी रकम 200 रुपए को जब्त कर अपराध कायम किया गया है। सांकरा पुलिस ने पितईपाली सावित्रीपुर से आरोपी मोहरसाय सोनी पिता रेशमलाल सोनी (59) पितईपाली सावित्रीपुर से अवैध रूप से बिक्री करने के लिए रखे 3 लीटर महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त किया है।इसी तरह बसना पुलिस ने सिटी ग्राउंड के पास देश सिंह सिन्हा पिता स्व. रामचरण सिन्हा (53) वार्ड नं. 14 बसना के कब्जे से 2.7 लीटर देशी प्लेन शराब कीमत 1350 रुपए को जब्त किया है।

## शुरुआत : रसेला समिति में यूरिया 54 टन, पोटाश 18 टन, सुपरपास्टफेट 54 टन का भंडारण

# अंचल के सोसायटियों में खरीफ फसल के लिए नगद और खाद, बीज का उठाव शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

- किसान 3 फोटो, ऋण पुस्तिका की कॉपी व निर्धारित शुल्क जमा कर नए सदस्य बन सकते हैं

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति रसेला पंजीयन क्रमांक 1769 सहित क्षेत्र के सभी सोसायटियों में खरीफ फसल के लिए किसानों को नगद राशि, खाद, बीज का उठाव प्रारंभ हो गया है। समितियों ने खाद बीज के साथ नगद राशि भी कृषकों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर दे रही है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कनसिघी, सिवनी, दुल्ला, चरौदा, कोसमी, पाटसिवनी सहित सभी समितियों में बरसाती फसल के लिए मुख्य व उपकेन्दौ में खाद बीज का वितरण जारी है। रसेला समिति के प्रभारी प्रबंधक पंकज कुमार यादव ने बताया कि इस सीजन में 1 अप्रैल से खाद बीज एवं नगद राशि बांटना शुरू कर दिया गया है। पिछले साल की अपेक्षा इस सीजन में किसानों में जागरूकता आई है। परेशानी से बचने के लिए किसान समय पर उठाव शुरू कर दिया है। अब तक 36 किसानों को खाद दिया जा चुका है। मालूम हो कि रसेला समिति में यूरिया 54 टन, पोटाश 18 टन, सुपरपास्टफेट 54 टन भंडारण किया जा चुका है। वहीं डीएपी खाद नहीं आया है 27 टन की मांग समिति द्वारा किया गया। सिर्फ सरना बीज 400 बोरी अभी आया है बाकी बीजों की मांग की गई है। सोसायटी में नया सदस्य बनाने का काम जारी है। रसेला समिति में 2006 किसान सदस्य हैं इसमें से 976 कृषक लेन देन करते हैं। नए सदस्य बनने के लिए किसानों को 3 फोटो, ऋण पुस्तिका की कॉपी, 110 रूपए शुल्क जमा करने से सोसायटी की सदस्यता प्राप्त हो जाते हैं। उसके बाद क्रेडिट कार्ड बनने पर किसानों को खाद बीज व नगदी राशि दिया जाता है। किसानों में आई जागरूकता की वजह से ज्यादा से ज्यादा प्रमाणित और आधार बीजों का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिसके कारण बीजों की मांग में वृद्धि हुई है, कृषि विभाग की ओर से किसानों की मांग अनुसार बीजों की आपूर्ति की जाती है। समिति की ओर से किसानों की आवश्यकता और मांग के अनुसार खाद बीज का भंडारण किया जाता है। प्रबंधक ने बताया कि केसीसी ऋण वितरण वर्ष 24- 25 के लिए लिमिट निर्धारित किया गया है। जिसमें प्रति हेक्टेयर धान सिंचित नगद 36 हजार, सामाग्री 24 हजार, कुल 60 हजार।



### असिंचित धान में मिलेगा 13 हजार 5 सौ रूपए नगद

इस तरह धान असिंचित में नगद 27 हजार, सामाग्री 18 हजार, कुल 45 हजार रुपए, प्रति एकड़ में धान सिंचित नगद राशि 14400, सामाग्री 9600 रूपए, कुल 24000 हजार रुपए, धान असिंचित में मिलेगा नगद राशि 10800 रूपए, सामाग्री 7200 रूपए, कुल 18000 रूपए प्रति एकड़ में मिलेगा। वनाधिकार पट्टा में प्रति एकड़ किसानों को धान सिंचित नगद राशि 13500 रूपए, सामाग्री पर 12000 रूपए, योग 25500 रूपए। इस तरह धान असिंचित में मिलेगा नगद राशि 13500 रूपए, सामाग्री में 9000 रूपए, कुल राशि 22500 रूपए प्रति हेक्टेयर पर किसानों को ऋण वितरण करने समिति द्वारा निर्धारित किया गया है।

# अब बोरे बासी दिवस बंद, सरकार ने लगाए पूर्व सरकार पर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देने की दलील के साथ पूर्ववर्ती सरकार की तरफ से प्रदेश भर में बोरे-बासी दिवस का आयोजन किया जाता था। तत्कालीन भूपेश बघेल की सरकार में यह दिवस हर साल के पहले मई को मनाती थी। इस मौके पर राज्य भर के कांग्रेस नेता और अधिकारी-कर्मचारी बोरे बासी खाकर इस दिवस को मनाते थे। 1 मई मजदूर दिवस होने की वजह से सरकार की दलील थी कि वह इस माध्यम से श्रम शक्ति को भी नमन कर रहे हैं। लेकिन अब प्रदेश में सरकार और हालात दोनों बदल चुके हैं। लिहाजा इस बार नई सरकार ने यह दिवस मनाने से साफ़ इंकार कर दिया हैं।



इस बारें में बात करते हुए भाजपा छूरा मंडल अध्यक्ष पीलूराम यादव ने कहा, छत्तीसगढ़िया रोज बोरे बासी खाते है, कांग्रेस सरकार ने बोरे-बासी का अपमान किया था। अधिकारी सरकार के दबाव में काटा चम्मच में बासी खाते थे। यहां कांग्रेस सरकार मजदूरों के बोरे-बासी में भी पैसे खा गई और कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़िया संस्कृति का अपमान किया हैं।

## हरा सोना तेंदूपत्ता का संग्रहण आज से

**रसेला।** क्षेत्र के सभी प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों में आज 1 मई को हरा सोना कह जाने वाले तेंदूपत्ता संग्रहण आज सुबह 5 बजे से प्रारंभ हो जाएगा। इसके लिए समस्त फडमुशी, फडअभिरक्षक को अपने अपने फंडों के समिति संचालक को सूचनार्थ करते हुए गांवों में कोटवार द्वारा मुनादी करने के लिए कहा गया है। बैमौसम बारिश और खराब मौसम के चलते इस साल मई माह के प्रथम दिन से तेंदूपत्ता का संग्रहण कार्य शुरू हो गया है। छुरा परिक्षेत्र के 17 समितियों में जिसमें रसेला, मुढीपानी, छिंदौली, कोठी गांव, कनसिधी, हिराबतर, मोगरा, दादर गांव, पाठ सिवनी, अकलवारा, छुरा, अमेठी, टेगनाबासा, कामराज समिति में तेंदूपत्ता तोड़ाई का कार्य आज से चालू हो गया है। संग्राहकों को तेंदूपत्ता उपज के तैयार होने का हर साल बेसब्री से इंतजार रहता है तेंदूपत्ता बोनस राशि से संग्राहक अपना गुजर बसर करते हैं। प्रदेश सरकार ने इस बार प्रति सैकड़ा 5500 रूपए कर दिया है।



# साईं पीकरी धाम को पर्यटक स्थल घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

साईं पीकरी धाम के प्रमुख सूत्रधार हनुमत सिंह ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि देकर साईं पीकरी धाम को पर्यटक स्थल घोषित किए जाने की मांग छत्तीसगढ़ सरकार से किया है। जानकारी के मुताबिक पूर्वजों के समय से ग्राम देवता के रूप में इसे पूजा जा रहा है। ऐसे प्राचीन ऐतिहासिक सांस्कृतिक धरोहर का विस्तार होना आवश्यक बताया गया है। धाम के प्रमुख सेवक ट्रस्टी के प्रमुख मोहन ठाकुर ने शिरडी साईं ग्लोबल फाउंडेशन और साईभक्तों के माध्यम से देश-विदेश तक साईं पीकरी की ख्याति फैलाया है। धाम के विस्तारित एवं पर्यटन स्थल घोषित करने के लिए ग्राम प्रमुख दुर्गा ठाकुर, योगेंद्र ठाकुर, चुनु साहू, देवेंद्र ठाकुर, होरीलाल साहू, ठाकुर राम सरपंच, भूषण साहू, तुलाराम विश्वकर्मा, रेमण सिंह बैगा, माखन साहू, पुरुषोत्तम ध्रुव, पवन साहू प्यारे साहू, टोमन साहू, झामु साहू सहित ग्रामीणो ने मांग किया है। इस अवसर पर सभी ग्रामवासियो को हनुमत ठाकुर परिवार द्वारा प्रसाद वितरण किया गया।



# एबीवीपी ने आंबा बच्चों को किया चरण पादुका वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

भीषण गर्मी में छोटे बच्चें बिना चप्पल के आंगनबाड़ी केंद्र जाते हैं। तथा भीषण धूप में जहां सड़क पर 1 मिनट भी खड़ा होना मुश्किल है। ऐसे में बिना चप्पल घर जाना उनकी मजबूरी बन चुका है। इससे राहत दिलाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गरियाबंद जिले के छुरा इकाई के अंतर्गत चलाए जाने वाले आयाम सेवार्थ विद्यार्थियों की टोली ने निःशुल्क चप्पल वितरित कर एक प्रभावशाली पहल की है। अभाविप के कार्यकर्ता ▶▶ शेष पेज 10 पर

# नदी के अस्थायी मार्ग पर गंदगी फैला रहे लोग, रोक की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

स्वच्छ भारत अभियान को लेकर शासन और प्रशासन अलर्ट रहते है। पालिका प्रशासन रोज एक-एक घरों से सुखे एवं गीले कचरे तो उठवाती ही है बल्कि शहर के चप्पे-चप्पे में पहुंचकर सफाई कर्मचारी नालियो की सफाई करते है। सड़कों की सफाई कराते रहते हैं। इसलिए कि शहर स्वच्छ और सुंदर दिखे। परंतु नवापारा से राजिम कच्ची सड़क मार्ग जिसे मेले के लिए बनाया गया था। इस मार्ग पर लोग शौच करते है। इससे गंदगी जैसा वातावरण नजर आता है। दूर-दूर से लोग अस्थि विसर्जन करने बड़ी श्रद्धा के साथ यहां आते है। यहां गंदगी देखकर उन्हे हैरानी होती है। शहर के गणमान्य नागरिको ने ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है जो नदी मार्ग पर खुले में शौच करने लगे है। वहीं माताएं-बहने यहां नहाने के लिए पहुंचती है। बावजूद लोग शौच करने से बाज नहीं आ रहे है। माताओं-बहनो को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है।

## कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर उनके कामकाज की समीक्षा की

# राजस्व प्रकरणों का निराकरण गंभीरतापूर्वक करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर उनके कामकाज की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से विभिन्न प्रकरणों और उनके निराकरण के संबंध में जानकारी लेते हुए अविवादित व विवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, रजिस्ट्री, खाता विभाजन, निराकृत, नक्शा शुद्धिकरण, अभिलेख शुद्धता, अभिलेख जमा करने की स्थिति, राजस्व वसूली, नजूल, कृषि भूमि एवं आबादी पट्टों पर भू-स्वामी पर अधिकार किये जाने संबंधी आवेदनों के निराकरण की स्थिति, 7500 वर्गफीट तक शासकीय भूमि का व्यवस्थापन, आबंटन, मसाहती व असर्वेक्षित ग्रामों का सर्वेक्षण, पटवारी की डिजिटल हस्ताक्षर से अभिलेखों के सत्यापन की स्थिति, आधार सीडिंग की स्थिति, भू-नक्शा अपडेशन, वन अधिकार पट्टा हेतु आवेदन व जांच हेतु आवेदनों की स्थिति, हाईकोर्ट में लंबित प्रकरणों की जानकारी, लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 का क्रियान्वयन एवं अद्यतन प्रगति, स्लम पट्टों, नजूल पट्टों, आबादी भूमि धारकों को मालिकाना हक प्रदान करने में हुई प्रगति, अवैध खनिज उत्खनन पर कार्यवाही की जानकारी, नक्शों के जियोरेफेरेसिंग के लिए अनडिस्पुटेड पॉइंट के चयन सम्बधित ग्रामवार जानकारी, जनचौपाल जन शिकायत एवं अन्य आवेदनों की निराकृत लंबित एवं शेष जानकारी, लोकसेवा केन्द्र के अंतर्गत निराकृत लंबित शेष ओवदनों की जानकारी और सूचना के अधिकार के अंतर्गत निराकृत लंबित एवं शेष आवेदनों की जानकारी पर विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान कहा कि राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण कर आम जन की मदद करें। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों कि अनुभागवार व तहसीलवार राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए प्रकरणों को यथाशीघ्र शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में राजस्व अधिकारियों को लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत प्राप्त आवेदनों को विहित समयावधि में निराकरण कर तहसीलदारो को किसान हित में नक्शा अद्यतीकरण करने हेतु निर्देश दिये गये। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर राकेश कुमार गोलछा, पंकज डाहिरे सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

### समय-सीमा के बाहर कोई भी प्रकरण लंबित न हो



### नंबर बदलकर मवेशियों को कत्लखाना ले जा रहे वाहन जब्त

**महासमुंद।** पशु तस्करी के ढेरों मामले पकड़ाने के बाद भी इस पर रोक नहीं लगा पा रही है। पिथौरा थानांतर्गत एनएच 53 में सोमवार को बजरंग दल कार्यकर्ताओं की सजगता के चलते एक ट्रक भैसों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया। ट्रक के भीतर 29 भैंसे थीं। ट्रक का नंबर प्लेट बदलकर तस्करी की जा रही थी। चालक मौके से ट्रक की चाबी लेकर भाग निकला है।पिथौरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने बाइक से रायपुर से ओडिशा की ओर जा रहे ट्रक क्रमांक सीजी-28 एन- 1840 का झलप से पीछा किया। संदेह होने पर ड्राइवर ने ट्रक को और तेज भगाया।

पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

# एक साल में ट्रेनों में अकेले यात्रा करने वाली डेढ़ लाख महिलाओं की रेलवे ने की मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रेन में अकेले यात्रा करने वाली महिलाओं की मदद करने के लिए रेलवे द्वारा विशेष अभियान मेरी सहेली चलाया जा रहा है। इसके तहत अप्रैल 2023 से लेकर मार्च 2024 तक अकेले रायपुर मंडल में ही 7945 ट्रेनों में 70790 महिलाओं की मदद की गई। सफर के दौरान इन्हें पानी से लेकर मेडिकल सहायता तक पहुंचाई गई। जोन के तीनों मंडलों में से रायपुर में सबसे ज्यादा महिलाओं तक टीम पहुंची है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में मेरी सहेली की 13 टीम कार्यरत है, जो 13 अलग-अलग ट्रेनों को कवर करती है। रेलवे सुरक्षा बल की मेरी सहेली टीम में महिला कांस्टेबल से लेकर महिला सब इंस्पेक्टर, इंस्पेक्टर शामिल हैं। ये टीमें यात्रियों को उनकी यात्रा के दौरान सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित करने और संकट की स्थिति में सहायता प्राप्त करने के लिए उपलब्ध चैनलों के बारे में जानकारी प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**ऑपरेशन मेरी सहेली अभियान के तहत केवल रायपुर मंडल में 70 हजार यात्रियों तक पहुंची टीम**



### हर दिन 14 हजार महिलाओं तक पहुंच रही मदद

मेरी सहेली' टीमें लंबी दूरी की ट्रेनों में अकेले यात्रा करने वाली महिला यात्रियों की ट्रेन यात्रा के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति पर त्वरित प्रतिक्रिया देकर प्रारंभिक बिंदु से उनके अंतिम गंतव्य तक सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। वर्तमान में, महिला आरपीएफ कर्मियों से युक्त 230 से अधिक समर्पित मेरी सहेली टीमों को देशभर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर तैनात किया गया है, जो 400 से अधिक ट्रेनों को कवर करती हैं और हर दिन औसतन चौदह हजार से अधिक महिला यात्रियों को सहायता प्रदान करती हैं।

### मदद करने दूसरे जोन से दपूमरे आगे

भारतीय रेलवे में आरपीएफ ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान अब तक ट्रेनों या रेलवे परिसरों में प्रसव के 130 ऐसे मामलों में सहायता प्रदान की है। इस वर्ष दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 19794 ट्रेनों में लगभग 1 लाख 51 हजार अकेले यात्रा कर रही महिला यात्रियों को "मेरी सहेली" की टीम ने सहायता पहुंचाई। इसमें बिलासपुर रेल मंडल में 7040 ट्रेनों में 67911 महिला यात्री, रायपुर रेल मंडल में 7945 ट्रेनों में 70790 महिला यात्री तथा नागपुर रेल मंडल 4809 ट्रेनों में 13278 महिला यात्री शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### शिवा बने सेंट्रल बैंक कर्मचारी यूनियन के महासचिव

**रायपुर।** सेंट्रल बैंक एम्प्लाइज यूनियन छत्तीसगढ़ यूनिट द्वारा जयस्तंभ चौक स्थित एक होटल में रविवार को जनरल बॉडी मीटिंग रखी गई। कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया कर्मचारी संगठन छत्तीसगढ़ के चुनाव संपन्न कराए गए, जिसमें भिलाई से तपन नाग को अध्यक्ष, रायपुर से वाय. शिवा को प्रदेश महासचिव, दुर्ग से गिरिराज सिंह को उप महासचिव, वी. लक्ष्मण राव को कोषाध्यक्ष, प्रदीप वर्मा को रायपुर क्षेत्रीय सचिव, सुभाष जेराई को अंबिकापुर क्षेत्रीय सचिव, कौन्तेय गर्ग, चंदन कुमार, रूपकुमार सेन व गणेश जंघेल को संगठन सचिव का दायित्व दिया गया, महिला विंग का प्रभार अर्चना सिंह व सुजाता तिग्गा को दिया गया।

### बुजुर्ग महिला, ई-रिक्शा चालक घायल, भेजा अस्पताल



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में सोमवार को राजभवन के गेट नंबर-1 के सामने दोपहर लगभग 2.30 से 3 बजे के बीच एक ई-रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई, जिसमें सवार जानकी यादव एक बुजुर्ग महिला और वाहन चालक विदुर महानंद को गंभीर रूप से चोटें आईं। घटना स्थल में भीड़ लगी हुई थी, तभी वहां से गुजर रहे अधिवक्ता भगवानू नायक एवं भाजपा नेता प्रदीप साहू ने अपनी कार रोकी और तत्काल घटनास्थल पहुंचे। उसके बाद डॉयल 112 को सूचना देकर तुरंत एंबुलेंस मंगाई और दोनों घायलों को एंबुलेंस में डालकर आंबेडकर चिकित्सालय के लिए रवाना किया।

### अध्यक्ष बने रवि, उपाध्यक्ष सिद्धांत, ली शपथ

**रायपुर।** जेल रोड स्थित वैनिंगटन कोर्ट में सोमवार को इश्रे रायपुर सब चैप्टर का स्थापना समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में नवनियुक्त नेतृत्व टीम के अध्यक्ष रवि जग्गी,



उपाध्यक्ष सिद्धांत शर्मा, सचिव इंद्रजीत पटेल और कोषाध्यक्ष दिलीप महोबे ने शपथ ली। इस अवसर पर पिछले वर्ष अध्यक्ष पद पर सेवाएं देने वाले केके वर्मा ने अपने कार्यकाल की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। उनके नेतृत्व में यह परिवर्तन संगठन के अंदर निरंतरता और प्रगति का प्रतीक है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केके मित्रा, पूर्वी क्षेत्र के निदेशक थे, जिन्होंने मूल्यवान विचार साझा किए और नए नेतृत्व दल को अपनी शुभकामनाएं दीं।

### उत्कलवासियों ने मनाई मधुसूदन दास की जयंती



**रायपुर।** मधुसूदन दास फाउंडेशन द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्कल गौरव मधुसूदन दास की जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम बैरनबाजार स्थित मधुसूदन दास प्रतिमा स्थल पर हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि 'मधु बाबू' ने उड़िया समाज को भाषाई आजादी दिलाई एवं महात्मा गांधी ने मधुसूदन दास को सच्चा देशभक्त बताया। 1 अप्रैल 1936 को उड़ीसा राज्य के गठन में मधुसूदन दास का विशेष योगदान बताया, मधुसुदन दासजी ने सर्वप्रथम पहले उड़ीसा राज्य की कल्पना की थी। इस संबंध में उनके जीवन परिचय का प्रकाशन कर सभी लोगों को वितरित किया गया। साथ ही बूंदी-सेव का प्रसाद वितरित किया गया।

## सड्डू क्षेत्र में पानी निकासी को दलदल सिवनी नाले से जोड़ने प्लानिंग का ऐसा हाल

**सड़क पर फैला सीवरेज का पानी**

# विवाद सुलझाए बिना तय की एजेंसी 8 महीने से रुका नाली का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सड्डू इलाके में रिहायशी कॉलोनियों का जाल बिछ रहा है। इस क्षेत्र में तीन हजार से ज्यादा परिवार विगत 8 महीने से सीवरेज की गंदगी से त्रस्त हैं। वहीं निगम व जोन के जिम्मेदारों ने 400 मिटर लंबी और करीब एक मीटर चौड़ी नाली बनवाने के लिए फंड मिलने के बाद भी अभी तक काम शुरू नहीं किया हैं, जबकि इसके लिए निर्माण एजेंसी भी तय है। ऐसे हालात इसलिए बने, चूंकि निगम प्रशासन ने जगह खाली करवाने और अवैध कब्जे से जुड़े विवाद सुलझाने में ही विलंब कर दिया।

**खास खबर**

राजधानी के आउटर इलाके में लोग शोर-शराबे से बचने के लिए मकान बनवा रहे हैं। सड्डू बाजार क्षेत्र से होते हुए दलदल सिवनी नाले के बीच तीन बड़ी कॉलोनियां हैं। इनके गेट के सामने वनवे सड़क पर विगत 8 महीने से सीवेज ओवरफ्लो होने से पहुंच रहा है। इसको लेकर डॉ. एके लाल ने बताया कि 8 महीने पहले मामले को लेकर निगम व जोन कार्यालय के जिम्मेदारों को जानकारी दी गई। आस-पास की कई कॉलोनियों में रहने वाले प्रदीप मिश्रा, एस. लाहोटी और रवि किशोर ने मामले में लिखित शिकायत भी किया। इसके बाद भी समस्या का कोई हल नहीं निकला। अभी तक नाली निर्माण के लिए तय जगह से अवैध कब्जा ही जिम्मेदार हटवा पाए हैं। निर्माण एजेंसी भी विवाद के चलते काम शुरू नहीं किया है।





### मौके पर ऐसे हैं हालात

मौके पर पाया गया कि बसाहट के बीच नई कॉलोनियों के आसपास अधूरी नाली है। सड़क के दूसरे छोर पर कच्ची नाली है। इसमें गंदगी का आलम है। पानी निकासी के लिए कच्ची नाली भी कई जगह बाधित है। इसी तरह की स्थिति कॉलोनी से पानी निकासी के लिए बनाई गई नाली की है। कई जगह से टूट-फूट व सफाई नहीं होने से जाम के चलते सीवेज ओवरफ्लो होने पर आने-जाने के लिए बनवाई गई सड़क पर फैला है। इससे उठती दुर्गंध और गंदे पानी से होकर लोग आने-जाने मजबूर हैं। इसके बाद भी जिम्मेदारों द्वारा अनदेखी की जा रही है।

### यह है समस्या की वजह

सूत्रों ने बताया कि सड्डू बाजार क्षेत्र में बसे तीन हजार से ज्यादा परिवारों को सीवरेज लाइन की सुविधा देने के लिए 90 लाख से ज्यादा का फंड स्वीकृत हुआ। इसके बाद एजेंसी तय करने की प्रक्रिया हुई। काम शुरू करवाने पर अवैध कब्जाधारी लोगों ने आपत्ति लगाई। इसके चलते एजेंसी ने भी काम शुरू नहीं किया। बताया जाता है कि शासन-प्रशासन की पहल से विवाद सुलझ गया है। अधिकारी-कर्मचारी भी चुनावी ड्यूटी में हैं, इसलिए लोगों को मिलने वाली सुविधा बाधित है। मामले का स्थाई समाधान नहीं होने से बारिश में समस्या बढ़ेगी।

### जल्द शुरू करवाएंगे काम

मामले को लेकर मुझे भी लोगों से शिकायत मिली है। मौके पर जोन की टीम को भी भेजने निर्देश दिया है। जल्द ही एजेंसी से काम शुरु करवाया जाएगा, क्योंकि विवाद से जुड़े पेच सुलझाए गए हैं।

**- विनोद कुमार पांडेय**
अपर आयुक्त, नगर निगम, रायपुर

# ऑनलाइन होगा फार्मेसी काउंसिल का दफ्तर, फार्मासिस्टों को चक्कर से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

फार्मेसी काउंसिल में पंजीयन के लिए दफ्तर के तीन से चार बार चक्कर लगाने से आने वाले दिनों में मुक्ति मिल जाएगी। कार्यालय का काम ऑनलाइन करने की प्रक्रिया अगले दो-तीन माह में पूरा करने की तैयारी की जा रही है। पंजीयन के साथ रिनीवल का काम मैनुअली होने की वजह से दूरवर्ती जिलों के फार्मासिस्टों को कई बार चक्कर लगाना पड़ता है। फार्मेसी काउंसिल का काम अभी मैनुअली तरीके से होता है, जिसकी वजह से फार्मासिस्टों को अपने कामों के लिए यहां का कई बार चक्कर लगाना पड़ता है। ज्यादा परेशानी दूरवर्ती जिलों से आने वाले फार्मासिस्टों को होती है, इसे ध्यान में रखते हुए काउंसिल के पंजीयन, रिनीवल से संबंधित कार्यों को ऑनलाइन करने की योजना पर काम शुरू किया जा रहा है। अनुमान है कि आचार संहिता का काम पूरा होने के बाद इसकी शुरुआत की जाएगी। इसके बाद नए पंजीयन के दौरान एक बार संबंधित शख्स को कार्यालय आना होगा, फिर सारा काम ऑनलाइन तरीके से पूरा कर लिया जाएगा।




- पंजीयन और रिनीवल के लिए तीन से चार बार आना पड़ता है फार्मेसी कार्यालय

फार्मेसी काउंसिल के अभी 24 हजार से अधिक सदस्य हैं। किसी भी फार्मासिस्ट को शासकीय सेवा में भर्ती अथवा दवा दुकान का संचालन करने के लिए फार्मेसी काउंसिल का पंजीकृत सदस्य होना अनिवार्य होता है। स्वास्थ्य विभाग के साथ फार्मासिस्ट के पद पर अन्य शासकीय विभागों में भी भर्ती की जाती है।

### योजना बनाई गई

फार्मेसी काउंसिल के कार्यों को सुविधाजनक बनाने के लिए ऑनलाइन करने की योजना बनाई गई है। इससे विभिन्न कार्यों के लिए काउंसिल कार्यालय का चक्कर लगाने से सदस्यों को मुक्ति मिलेगी।

**- अरुण मिश्रा,** अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल


### हुआ पेंडिंग प्रकरणों का निपटारा

फार्मेसी काउंसिल में नए रजिस्ट्रार की नियुक्ति नहीं होने की वजह फार्मासिस्टों के पंजीयन और सदस्यता नवीनीकरण का काम अटक गया था। इसकी वजह से तीन से चार माह के भीतर तीन हजार आवेदन पेंडिंग हो गए थे। नए रजिस्ट्रार के आने पर इसका काम शुरू किया गया है और विभिन्न तरह की त्रुटियों के समाधान की वजह से करीब पांच सौ आवेदन पेंडिंग है, बाकी ढाई हजार प्रकरणों का निपटारा कर लिया गया है।

# नए साल की पहली तिमाही में वाहनों की बिक्री टॉप गियर में

- जनवरी में 24, फरवरी में 29 और मार्च में 31 फीसदी ज्यादा बिके
- प्रदेश में नई सरकार आने के बाद किसानों के पास भी भरपूर पैसा आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में ऑटोमोबाइल्स सेक्टर में नए साल की पहली तिमाही में बूम आ गया है। जहां बीते साल से जनवरी में 24 फीसदी, फरवरी में 29 और मार्च में 31 फीसदी वाहन ज्यादा बिके हैं। इस साल बीते साल से ज्यादा साल भर ज्यादा कारोबार होने की संभावना है। चारपहिया वाहनों की आमतौर पर अपने राज्य में एक माह से ज्यादा से ज्यादा चार हजार के करीब बिक्री होती है, लेकिन इसकी बिक्री लगातार ज्यादा हो रही है। यह बिक्री पांच से छह हजार होने लगी है।

अपने प्रदेश में ऑटोमोबाइल सेक्टर में नए साल का आगाज शानदार हुआ है। इस बार बीते साल से ज्यादा अच्छा कारोबार हो रहा है। वैसे बीते साल भी साल भर अच्छा कारोबार हुआ था। लेकिन यह साल बीते साल से ज्यादा अच्छा कारोबार होने वाला है ऐसा कारोबारियों का कहना है। इस बार प्रदेश में नई सरकार आने के बाद किसानों के पास भी भरपूर पैसा आया है। जहां किसानों को दिसंबर में दो साल का बोनस मिला, वहीं किसानों को धान की अंतर की राशि भी मिली है। ऐसे में किसानों का पैसा भी लगातार बाजार में आ रहा है।

- हर माह बिक रहीं पांच से छह हजार कारें

### इतने ज्यादा बिके वाहन

नए साल के पहले माह में रिकार्ड 57810 वाहनों की बिक्री हुई है। यह बीते साल से 24 फीसदी ज्यादा है। इन वाहनों में सबसे ज्यादा 42620 दोपहिया वाहन है। कारों की बिक्री भी रिकॉर्ड तोड़ रही है। आमतौर पर कारों की बिक्री एक माह से तीन से चार हजार के आस-पास रहती है, लेकिन जनवरी में 5892 कारें बिकी हैं। इस माह में कृषि ट्रैक्टर भी बहुत बिके हैं। इनकी संख्या 2791 है। अब फरवरी की बात करें तो इस माह हालांकि जनवरी की तुलना में करीब पांच हजार वाहन कम बिके हैं, लेकिन बीते साल से जरूर 29 फीसदी वाहन ज्यादा बिके हैं। फरवरी में 53979 वाहन बिके हैं। इनमें से 39668 दोपहिया वाहन हैं। जहां तक कारों का सवाल है तो 4903 बिकी हैं। इस माह ट्रेक्टर जनवरी से ज्यादा बिके हैं। इसका आंकड़ा 2989 है। मार्च में दोपहिया वाहन ने रिकॉर्ड तोड़ा है। इस माह 45691 दोपहिया वाहन बिके हैं। इसी के साथ चार पहिया वाहनों में 5031 बिके हैं। इसके अलावा अन्य वाहन भी बिके हैं। कुल मिलाकर मार्च में 59723 वाहन बिके हैं। जो बीते साल से 31 प्रतिशत ज्यादा है। बीते साल 45791 वाहन बिके थे।

### बीते नवंबर ने रचा था इतिहास

यह बात तो पहले ही तय थी कि बीते साल त्योहारी सीजन में जमकर कारोबार होगा और ऐसा हुआ भी। लेकिन यह किसी ने नहीं सोचा था कि नवंबर एक नया इतिहास बना देगा। इस माह जो वाहन बिके उतने वाहन छत्तीसगढ़ के इतिहास में कभी भी नहीं बिके हैं। नवंबर में 91 हजार 915 वाहन बिके। इसमें से सबसे ज्यादा 75781 दोपहिया बिके। इसके बाद 6955 कारें, 3229 गुड्स कैरियर, 962 मोपेड, 785 ई-रिक्शा और रिकॉर्डतोड़ 2181 कृषि ट्रैक्टर भी बिके। इसी के साथ कुछ अन्य वाहन भी बिके। कुल मिलाकर 2022 में बिके 51172 वाहनों से बिक्री का प्रतिशत 80 फीसदी ज्यादा रहा। वाहनों की बिक्री में राजधानी रायपुर में ही सबसे ज्यादा 16248 वाहन बिके। सबसे कम बिक्री के मामले में सुकमा में 374 और नारायणपुर में 381 वाहन बिके। इसमें तीन-तीन सौ से ज्यादा बाइक ही बिकी।

# नाला सफाई गैंग में भी लोचा 25 में सिर्फ 10 ऑन ड्यूटी मिले

- निगम ने ठेकेदार पर लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


फाइल फोटो

ठेके पर चल रही शहर की सफाई व्यवस्था में निर्धारित संख्या से कम संख्या में सफाई कर्मचारी मिलना आम बात है, पर अब शहर के नाला सफाई गैंग में भी कर्मचारियों की कम संख्या में उपस्थिति से निगम प्रशासन के कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

जोन 5 के नाला सफाई कार्य निरीक्षण के दौरान सफाई गैंग में 25 कर्मचारियों की जगह केवल 10 सफाई कर्मचारी कार्य करते पाये गये। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने अनुबंधित ठेकेदार पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए ठेकेदार को चेतावनी दी है। नाला सफाई के लिए इस बार 10 जोनों के लिए 250 सफाई मजदूरों का अतिरिक्त स्टाफ नाला गैंग के रूप में रखा गया है।

- 11 पोकलेन मशीन, नाला सफाई के लिए 250 मजदूर
- 10 जोन में नाला सफाई के लिए 25-25 सफाई मजदूरों का अतिरिक्त स्टाफ

दरअसल, शहर के छोटे-बड़े करीबन 200 नालों की सफाई का पहला चरण 30 अप्रैल तक पूरा करने जोन कमिश्नरों को निर्देश दिये गये हैं। नाला सफाई कार्य के लि 10 जोनों के जोन कमिश्नरों को 11 पोकलेन मशीन दी गई है। इसके साथ ही प्रत्येक जोन के लिए 25-25 सफाई कर्मचारियों का अतिरिक्त स्टाफ नाला गैंग के रूप में दिया है।

विदित हो, पहले नाला सफाई कराने निगम को नाले में उतारने पोकलेन मशीन किराये में लेना पड़ता था। अब पर्याप्त पोकलेन मशीन होने के बाद भी नाला गैंग के नाम पर 10 जोन के लिए 250 सफाई कर्मचारियों ठेके पर रखे गये हैं।

### ठेकेदार पर 25 हजार रुपए का जुर्माना

निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही जोन 5 के नाला सफाई कार्य का निरीक्षण करने पहुंची। कर्मचारी कम दिखे, तो उन्होंने मुख्यालय में पदस्थ जेडएचओ से कर्मचारियों की गिनती कराई। इस दौरान वहां 10 सफाई कर्मचारी ही मौजूद मिले, जबकि वहां स्पॉट पर 25 सफाई कर्मचारी को होना था। उन्होंने ठेकेदार पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इसकी कटौती ठेकेदार के बिल से की जायेगी।

# 1100 दीपों से होगी भगवान परशुराम की महाआरती

- सत्ती बाजार के अम्बादेवी मंदिर परिसर में आयोजन 12 मई को
- महाआरती, भजन कीर्तन, श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वर्ल्ड ब्राम्हण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राम्हण परिषद द्वारा भगवान परशुराम की 11 सौ दीपों से महाआरती की जायेगी। 12 मई को शाम 4 बजे इस मौके पर संगीतमय भजन कीर्तन का आनंद श्रद्धालु उठा सकेंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी का वितरण किया जायेगा।



ब्राम्हण समाज द्वारा आचार्यगणों, विप्र जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों की अगवाई में 12 मई को शाम 4 बजे से अम्बा देवी मंदिर परिसर, सत्तीबाजार में भगवान परशुराम की 1100 दीपों से भव्य महाआरती होगी। आयोजन की तैयारी को लेकर आनंद समाज वाचनालय सभागार में ब्राम्हण समाज के प्रमुखजनों के साथ बैठक आयोजित हुई। प्रांतीय अध्यक्ष अरविंद ओझा एवं कार्यक्रम संयोजक नितिन कुमार झा सहित समाज प्रमुखों की इसमें उपस्थिति रही। बैठक में उपस्थितजनों नें अपने महत्वपूर्ण सुझाव और विचारों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। सभी ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम के सफल होने पर विश्वास जताते हुए पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

बैठक में प्रमुख रुप से प्रांतीय अध्यक्ष अरविंद ओझा, कार्यक्रम संयोजक नितिन कुमार झा, महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा, समाजसेवी सनत कुमार शर्मा, सतीश शर्मा, आन्ध्रा ब्राम्हण समाज अध्यक्ष आर. मुरली, श्रीनिवास राव, सरयूपारिणी ब्राह्मण समाज अध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला, कैलाशनाथ तिवारी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्रा पप्पू, महासचिव अजय अवस्थी, सहित बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित रहे।

# गायत्री परिवार की बैठक, स्वर्ण जयंती कार्यक्रम पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर में अखंड ज्योति की स्वर्ण जयंती और माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष के आयोजन के मुद्दे पर रायपुर महानगर की वृहद बैठक हुई। बैठक का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर द्वारा किया गया था, जिसमें रायपुर महानगर के अंतर्गत पूरे रायपुर जिले के गायत्री परिवार के पदाधिकारी और वरिष्ठ परिजनों के साथ ही गायत्री परिजनों की भारी संख्या में मौजूदगी रही। बैठक के बीच में वरिष्ठ मंत्री और लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल भी जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत मां गायत्री के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे थे, इस दौरान वहां पर



उपस्थित गायत्री परिजनों से चर्चा की। गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर में आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह और माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष समारोह के मुद्दे पर गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस, ट्रस्टी आदर्श वर्मा, ट्रस्टी सदाशिव हथमल, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, दीनानाथ शर्मा, शैलेश वर्मा ने संयुक्त रूप से जानकारी दी। बैठक में सुखदेव निर्मलकर, आदर्श वर्मा, कवि संजीव ठाकुर, एमआर ठाकुर, सुखदेव देवांगन, लच्छूराम निषाद आदि मौजूद रहे।

## पेज 9 के शेष...

### बाल-विवाह में...

विकासखण्डों में नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति में जिला चिकित्सा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, सहायक श्रमायुक्त, जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य के रूप में शामिल है। सहायक के रूप में समिति में विशेष किशोर पुलिस इकाई के प्रभारी एवं बाल संरक्षण अधिकारी भी शामिल है। इसी प्रकार अनुभाग स्तर निगरानी समिति में एसडीएम, बाल परियोजना अधिकारी, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, सीईओ, तहसीलदार, खंडचिकित्सा अधिकारी शामिल है। पंचायत स्तरीय समिति में सरपच, सचिव, स्कूल प्राचार्य, रोजगार सहायक, ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, मितानिन, महिला स्व-सहायता समूह के कार्यकर्ता, कोटवार, एक-छात्र, एक- छात्रा एवं गणमान्य नागरिक को शामिल किया गया है।

### एबीवीपी ने आंबा...

भिषेक पांडेय ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अंतर्गत भीषण गर्मी को देखते हुए जहां देशभर में सकोरा अभियान चलाया जा रहा तथा पक्षियों के लिए पानी रखने का आग्रह किया जा रहा है। वहीं सेवार्थ विद्यार्थियो के द्वारा समय समय पर समाज में आवश्यकता के अनुरूप सेवा कार्य किए जाते है, महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियो के साथ हमने अभियान लिया हम भीषण गर्मी से बचाव हेतु समाज को प्रेरणा देने हेतु पहल करेंगे जिसके तहत हमने दूरस्थ गांव तक पहुंचकर आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों को निःशुल्क चप्पल वितरित किया। प्रमुख रूप से स्नेहा शर्मा, यशु पांडेय, लोकेश्वरी यादव, एकलव्य शर्मा, मुस्कान देवांगन पायल पांडेय तथा अन्य का सहयोग रहा है।

## खबर संक्षेप



### बकली स्कूल का परिणाम घोषित, 8वीं में डिम्पल प्रथम

**राजिम।** बकली मिडिल स्कूल का वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। संस्था में अध्ययनरत बालिकाओं में कक्षा आठवीं में प्रथम कुमारी डिम्पल 95 .77 प्रतिशत द्वितीय स्थान गंगा साहू 91.44 प्रतिशत तृतीय हीना साहू 87.66प्रतिशत कक्षा छठवीं में कुमारी छाया साहू 83 .40 प्रतिशत है। संस्था में सभी बालक बालिकाओं का परीक्षा परिणाम बहुत अच्छा रहा परीक्षा परिणाम घोषित करने के दौरान संस्था के प्रधानपाठक लेखाचंद मल्होत्रा, किरण साहू, अनिता साहू, राधेश्याम साहू, पूरनलाल साहू शिक्षक उपस्थित थे।

### कक्षा पांचवीं में मयंक को मिला प्रथम स्थान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालय में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा पांचवीं में मयंक चंद्राकर ने 98 प्रतिशत के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय तनुजा टंडन ने 94 प्रतिशत एवं तृतीय योगेश पटेल 92 प्रतिशत रहे। ज्ञान गंगा विद्यालय के शिक्षक लता चंद्राकर, रेनू धीवर, नीलम कोसरे, खुशबू निर्मलकर, नंदिनी कापरे, वर्षा सारथी, रुक्मणी सारथी, दीपा समेत संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने हर्ष जताया है।

### 3 मई से बच्चों को मिलेगा निःशुल्क संगीत प्रशिक्षण

**धमतरी।** भारतीय बौद्ध महासभा जिला धमतरी के जिला अध्यक्ष पालनहार मेश्राम के नेतृत्व और कुंजीलाल कुटारे के माताश्री स्वर्गीय श्रीमती सोना बाई कुटारे दानीटोला वार्ड धमतरी निवासी की स्मृति में 3 मई शुक्रवार को सुबह 8 बजे से 9 बजे सभी वर्गो के बच्चों के लिए निशुल्क संगीतकला और वादन का प्रशिक्षण दिया जायेगा। आयु का कोई बंधन नहीं है। इसमें खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से प्रशिक्षित संगीत शिक्षक अजय वर्मा एवम तन्मय वर्मा द्वारा संगीतकला गायन और वादन का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। संगीतकला और वादन का प्रशिक्षण सभी वर्गों के बच्चों को निःशुल्क दिया जायेगा।

### वृद्ध के निधन पर वृध्दाश्रम परिवार ने दी अंतिम विदाई

**महासमुंद।** शहर के दलदली रोड स्थित आसियाना वृद्धाश्रम निवासी 70 वर्षीय रोहिदास का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से स्वास्थ्यगत कारणों राजधानी स्थित मेकाहारा में भर्ती किए गए थे। मंगलवार सुबह इन्होंने अंतिम सांस ली। पार्थिव शरीर के वृद्धाश्रम पहुंचने पर समस्त दादा-दादियों एवं स्टाफ द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर अंतिम विदाई दी गई।

## निधन

### ड़ेरहिन बाई साहू

**गरियाबंद।** ग्राम कौंदकेरा निवासी



ड़ेरहिन बाई साहू का निधन सोमवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्ति धाम में किया गया। अंतिम यात्रा में गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

**परीक्षा परिणाम : प्राथमिक शाला भेंडरी सहित अन्य विद्यालयों का स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित**

# उच्च कक्षाओं में सफलता प्राप्त कर अपने माता-पिता का नाम रोशन करें : सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

जिला कलेक्टर गरियाबंद दीपक अग्रवाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत के निर्देश पर शासकीय शाला भेंडरी में सोमवार को कक्षा पहली से पांचवी का परीक्षा परिणाम सरपंच मोहनलाल साहू एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ढाल सिंह ध्रुव के उपस्थिति प्रधान पाठक भागचंद चतुर्वेदी ने घोषित किया गया। सभी बच्चों को परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत अच्छा रहा। सभी बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत कर चॉकलेट खिलाकर मुँह मीठा कराया गया साथ ही अतिरिक्त पोषण के लिए शासन से प्राप्त मीलेट्स का वितरण बच्चों को किया गया। मीलेट्स एवं प्रगति पत्र पाकर बच्चे बहुत ही खुश लग रहे थे।





वहीं सरपंच मोहनलाल साहू द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित होने के अवसर पर बच्चों को आशीर्वाद के रुप मे सम्बोधित करते हुए बच्चों से कहा कि आप लोग कठिन परिश्रम करो और अच्छे आगे के कक्षाओं में अच्छे अंकों के साथ उच्च कक्षाओं में सफलता प्राप्त कर अपने मां पिता जी ग्राम का नाम रौशन करो। भागचंद चतुर्वेदी ने बताया कि कक्षा पांचवी में सयुक्त रूप से लक्ष्मी साहू एवं दिव्या साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया हर्षिता साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह चौथी में लुप्ताजंलि गोस्वामी, तीसरी से युवराज साहू, दूसरी से जयकुमार साहू, पहली से हुस्मिता साहू प्रथम स्थान पर रहे। चौथी से राधिका यादव, तीसरी से गगन साहू, दूसरी से विकास साहू पहली से तन्मय ध्रुव ने द्वितीय स्थान पर रहे। सभी बच्चों अच्छे अंको से सफलता प्राप्त कर शाला परिवार को गौरवान्वित किया। प्रथम स्थान प्राप्त किये सभी बच्चों को सेवानिवृत्त प्रधान पाठक जीआर ध्रुव द्वारा 201-201 पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। सभी बच्चों को ग्रीष्म अवकाश में शिक्षा के मुख्य धारा में जुडें रहने, बारहखड़ी अंग्रेजी हिंदी, 20 तक पहाड़ा याद करने, हिन्दी वर्णमाला एवं गणित जोड़ना घटाना, गुणा, भाग के सवाल को घर पर नियमित अभ्यास करने और विद्यालय प्रारंभ होने जांच करवाने के लिए समझाया गया। कार्यक्रम में सरपंच मोहनलाल साहू, ढाल सिंह ध्रुव, प्रधान पाठक भागचंद चतुर्वेदी शिक्षक गण लालजी सिन्हा रेखराम निषाद, टीकूराम ध्रुव, प्रदीप कुमार साहू, पालक सदस्य भगवती साहू, गोदावरी साहू, पंचों साहू एवं सभी छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।

## सिर्रीकला स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित, 5वीं में विकास प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय हाई स्कूल,पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक शाला सिर्री कला विकासखंड फिंगेश्वर का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें छात्रों के साथ -साथ पालकों में हर्ष की लहर रही। सिर्रीकला हाई स्कूल के प्राचार्य ओपी सिन्हा ने परीक्षा परिणाम की घोषणा की। जिसमें हाई स्कूल कक्षा नवमी में कुल दर्ज संख्या 38 रही। जिसमें 35 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। 25 उत्तीर्ण, 07अनुत्तीर्ण रहे। जबकि तीन छात्र पूरक रहे। कुमारी तेजस्वी साहू पिता विसहत राम ने 92.1 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त की। इसी प्रकार शासकीय पूर्व



माध्यमिक शाला के परीक्षा परिणाम प्रधान पाठक डीके मरकाम द्वारा घोषणा करते हुए अंक सूची प्रदान किए। यहां का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा आठवी के कुल दर्ज संख्या 15 में से 4 छात्र और 11 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। जयश्री साहू पिता दीपक राज ने 96.8 प्रतिशत अंक के साथ शाला में प्रथम एवं कृष्ण किशोर पिता धनेश कुमार साहू 95 प्रतिशत अंक पाकर दुसरे स्थान प्राप्त किया है। प्राथमिक विद्यालय सिर्रीकला के प्रधान पाठक होरी लाल ध्रुव एवं नवीन प्राथमिक शाला के प्रभारी प्रधान पाठक सर्वे सर ने कक्षा पांचवी के परीक्षा परिणाम घोषित किया। जिसमें कक्षा पांचवी में विकास साहू पिता कैलाश साहू 92.5 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान वहीं पर नवीन साहू पिता शत्रुघ्न साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उक्त अवसर पर शाला प्रबंध समिति के डॉ तुलाराम साहू पूर्व सांसद प्रतिनिधि समाज सेवी व शाला विकास समिति सदस्य दीपक राज, शिक्षकगण एनएस साहू, नरदिप सिंह,ध्रुव सर, सीके साहू, मनोज निर्मलकर, राजेश रात्रे। अभिभावक कैलाश साहु, बजरंगदास आदि ने सफलता प्राप्त किए सभी विद्यार्थियों को उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### सर्वश्रेष्ठ उपस्थिति वाले बच्चों का सम्मान



नवापारा-राजिम। शासकीय बालक प्राथमिक शाला बढ़ईपारा में कक्षा पहली से पांचवी तक वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें पांचवी के बच्चों को मार्कशीट पूर्णता प्रमाण पत्र सहित अंकसूची प्रदान किया गया। विद्यालय में बच्चों की अच्छी उपस्थित को प्रोत्साहित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ उपस्थिति वाले बच्चों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। जिसमें क्रमशः कक्षावार कामना कंसारी, मुकेश चंदेल, हुमेश्वरी सेन, आराधना जगत एवं भाग्यवती सोना ने बाजी मारी। कक्षा पांचवी में प्रथम स्थान दिव्या कोसरे, द्वितीय स्थान कु. मोनिका सेन एवं तृतीय स्थान पर कुमारी रुचिका डोरसे ने दर्ज किया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष हेमंत साहनी, नपा उपाध्यक्ष चतुर जगत, शांता बंजारे, राजकुमार यादव एवं पालक सदस्य सहित समस्त शिक्षक गण व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल राजिम का रिजल्ट घोषित, 8वीं में याशिका प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय राम विशाल पांडे उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम को लेकर बालको एवं विद्यार्थियों में खासा उत्साह का माहौल था। कक्षा आठवीं तक सभी विद्यार्थियों को पास किया जाना अनिवार्य है। शासन की स्पष्ट मंशा है कि बच्चों में कम अंकों को लेकर किसी प्रकार की निराशा के भाव न आयें इसलिए बच्चों को उनका स्तर जानने के लिए अ, इ, उ ,ऊ ग्रेड दिए गए हैं। अपने परीक्षा परिणाम के प्रति बच्चों और पालकों में खुशी और असंतुष्टि का मिला-जुला भाव देखने को मिला। कई बच्चे अपने साथ पास होने की खुशी में मिठाई लेकर आए और सभी शिक्षकों और अपने साथियों में मिठाई बांटी। उपासना भगत, प्रणीति चन्द्राकर, साक्षी जपे, साक्षी चंद्राकर, पिंकी तारक, नेहा सिंह, कैलाश साहू, नारायण साहू ने सेल्फी जोन में बच्चे और पालक अपने प्रगति पत्र लिये हुए शिक्षकों के साथ सेल्फी लिए और फोटो भी खिंचवाये। सभी कक्षाओं में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों के नाम भी घोषित किए गए। कक्षा 1ली में दिव्यांश यादव 97.33%, कक्षा 2री में अभ्युदय देवानी 99.33%, कक्षा 3री में जीविका सोनकर 97.5 % कक्षा 4थी में सुर्यांश वर्मा 99.75 %, कक्षा 5वीं में सौम्या साहू 99.5%



कक्षा 6वीं में साक्षी देवांगन 97.07% कक्षा 7वीं में महिमा साहू 99.5%, कक्षा 8वीं में याशिका वर्मा 99.63% कक्षा 9वीं में जयेश साहू 96.5%, कक्षा 11वीं में गुंजेश्वरी सोनकर 85.7% तथा हिंदी मीडियम में कक्षा 9वीं में योगमाया तारक 84% कक्षा 11वीं में प्रियंका शर्मा 88% अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी के साथ ही सत्र 2023 - 24 में शत प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थियों के नाम घोषित किए गए। कक्षा 4थी में खिलेन्द्र साहू, कक्षा 7वीं के महिमा साहू एवं भूमिका ढीमर कक्षा 9वीं के उज्जवल साहू पूरे सत्र में 100 प्रतिशत दिन उपस्थित रहे। इसी प्रकार शिक्षकों में जितेन्द्र साहू ने भी शत प्रतिशत उपस्थिति प्रदान किया है। शत प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों और शिक्षक को भी विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे। परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्राचार्य संजय एक्का सहित परीक्षा प्रभारी संतोष सूर्यवंशी एवं अंगेश गंगेले, शिक्षक गणों में बी एल ध्रुव, एमएल सेन, एमके चंदन, आर के यादव, सागर शर्मा, विक्रम सिंह ठाकुर, समीक्षा गायकवाड़, कमल सोनकर, गोपाल देवांगन, शिखा महाड़िक, अंजू मार्कण्डेय, नीता यादव, सरिता साहू, जमील अहमद, पुर्णेन्द्र बाघमार, जितेन्द्र साहू ने प्रसन्नता जाहिर किया हैं।

## सशिमं छुरा का वार्षिक परिणाम घोषित, कक्षा 1ली में पूर्वांश प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक परिणाम शुक्रवार को घोषित किया गया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। वहीं मुख्य अतिथि के रूप मे थानसिंग निषाद सभापति छुरा, अध्यक्षता शीतल ध्रुव समाज सेवी एवं विशेष अतिथि होमीन सेन सचिव, धनराज ठाकुर अभिभावक एवं संचालक समिति के अध्यक्ष विजय गुप्ता, सस्था प्रमुख प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा रहे। विद्यालय के अध्यक्षता कर रहे शीतल धुव ने कहा कि परीक्षा एक चुनौती है जिसे स्कूल के शुरुआत के परिश्रम से ही हासिल किया जा सकता है और आगे और प्राप्त किया जा सकता है जीवन में अनुभव कर सकते है। अरुण से कक्षा नवम में प्रथम से तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भाई



बहिन इस प्रकार है। कक्षा में तीन स्थान तक प्राप्त करने वाले कक्षा अरुण में प्रथम केवांश कंवर,नवीन दिवान, द्वितीय शेख जुनैद, तृतीय पूरब यादव, कक्षा उदय अ में प्रथम नीकुज पटेल, रुचिका नेताम, सिद्धि साहू, कुमकुम यादव, द्वितीय मेघा निर्मलकर, तृतीय टोमेश्वरी पटेल, कक्षा उदय ब प्रथम जान्हवी निर्मलकर, द्वितीय खेमेश नायक, तृतीय तेजस्वी नायक, कक्षा प्रथम में प्रथम पूर्वांश सिन्हा द्वितीय दिशांक मरकाम, द्वितीय प्रशात यादव, तृतीय हरिओम सिन्हा हैं। इस दौरान विद्यालय में आचार्य टीकम सिंह मरकाम, कम्प्यूटर प्रमुख होरी लाल साहू, किरण वर्मा, कविता यदु, टेकेश्वरी तारक, हरीश शर्मा, टोमन ठाकुर, पम्मी साहू, ओम डहरिया, मनोज निर्मलकर, भारती यदु, सरस्वती सिन्हा, मैनाज बेगम, अंजुरानी एवं हेमलता नाग, डिगेश्वरी यदु एवं विद्यालय के भैया बहिन उपस्थित थे।

## प्राथमिक शाला सिंधौरी का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

शासकीय प्राथमिक शाला सिंधौरी में सोमवार को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें शाला का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। वहीं कक्ष 1ली से कुमारी वंदना पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 2री में पूर्वांश पटेल प्रथम एवं कुमारी भूमिका देवांगन द्वितीय, तीसरी से कुमारी प्रिया साहू प्रथम एवं हर्ष कुम्हार द्वितीय, चौथी से कुमारी तृप्ति वर्मा प्रथम, कामदेव द्वितीय, पांचवीं से कुमारी भूमिका ध्रुव, एवं उपासना साहू प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किए। उक्त अवसर पर संस्था



प्रमुख नंद कुमार सिन्हा , शिक्षिका उर्वशी तारक, हेमलता ठाकुर एवं कुमारी प्रीति देवांगन के साथ सभी छात्र- छात्रा उपस्थित रहे। साथ ही शाला के प्रधान पाठक ने सभी बच्चों को उनके उज्जवल कामना की।



### सशिमं अकलवारा का परीक्षा परिणाम घोषित

**मुड़ागांव(कोरासी)।** सरस्वती शिशु मंदिर अकलवारा में मंगलवार को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में अध्यक्ष प्रेम सिंग दीवान एवं समिति सदस्य बासिया राम निषाद, अर्जुन लाल निषाद राघवेन्द्र दीवान, रेखराम दीवान, विछालय के संस्था प्रमुख रामाधार साहू, आर्चाय एवं गोपीचंद पटेल, आर्चाय सुनीता बघेल एवं सभी भैया बहन उपस्थित हुए सभी भैया बहनों को उनकी उज्जवल भविष्य की।

## सशिमं कौंदकेरा का परीक्षा परिणाम घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

मातृ संस्कृति शिक्षण समिति कौंदकेरा द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कौंदकेरा में मंगलवार को कक्षा अरुण से अष्टम तक की कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा अरुण में मुस्कान साहू और आदित्य टंडन प्रथम स्थान, कक्षा उदय में कुणाल साहू, कान्हा यादव, बहन नव्या साहू 97.33 प्रथम स्थान, कक्षा प्रथम में दामनी साहू प्रथम स्थान, कक्षा द्वितीय में मानवी साहू और सेजल साहू प्रथम स्थान, कक्षा तृतीय में योगिता परमार प्रथम स्थान, कक्षा चतुर्थ मे छाया साहू प्रथम स्थान, कक्षा पंचम में येशिका सेन प्रथम स्थान, कक्षा षष्टम में गरिमा साहू 78% प्रथम स्थान, कक्षा सप्तम में युगराज साहू प्रथम स्थान, अष्टम में दीपिका परमार प्रथम स्थान जिसके मुख्य अतिथि अरविंद राव चौहान, अध्यक्षता भारत साहू, द्विज राम साहू, दिनेश परमार, सोमप्रकाश साहू उपस्थित थे।


## पिपरछेड़ी स्कूल की बेटियां फिर अव्वल, परिणाम में पिछड़े बेटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/ रसेला

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरछेड़ी में सोमवार को कक्षा 9वीं व 11वीं के सभी संकायों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। ओवरऑल परिणाम में कुमारी गूंजा प्रथम, साइंस संकाय के कुमारी खुमेश्वरी कोमार्रा द्वितीय और राज्य स्तरीय खिलाड़ी कु लक्ष्मी यादव तृतीय स्थान हासिल किया। परीक्षा परिणाम 75.76 फीसदी रहा जो पिछले साल की तुलना में 4.64 फीसदी अधिक है। वहीं कक्षा 9वीं में



भी बेटियों ने बाजी मारी है। इस तरह कुल परीक्षा परिणाम 86.76 फीसदी रहा जो पिछले साल की तुलना में 5.44 फीसदी अधिक है। सफलता प्राप्त किए समस्त विद्यार्थियों को संस्था के युवा प्राचार्य श्री बसंत त्रिवेदी द्वारा सर्टिफिकेट और उद्बोधन दिया गया कि "शिक्षा का उद्देश्य तथ्यों को सीखना नहीं होता है बल्कि शिक्षा का मुख्य दिमाग को



प्रशिक्षित करना होता है। इस कार्यक्रम पर शाला समिति के प्रमुख अश्वनी वर्मा, संस्था के समस्त अध्यापकगण, वरिष्ठ व्याखाता रवि अंगारे, केआर साहू, दिनेश निर्मलकर सहित समस्त कर्मचारियों एवं विधार्थियो की उपस्थिति रही।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**मांग : पंचायत व स्थानीय अधिकारियों से स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग कर थक चुके ग्रामीण**

# स्ट्रीट लाइट बंद, आखिर कब मिलेगी नगर के लोगों को अंधेरे से मुक्ति?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

पिछले कई वर्षो से मैनपुर नगर में स्ट्रीट लाईट नहीं जलने के कारण शाम होते ही नगर के मुख्य मार्ग सहित गली मोहल्ला अंधेरे के आगोश में समा जाता है। और रात के समय लोगों को नगर के भीतर आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, मैनपुर नगरवासियों द्वारा नगर व पंचायत क्षेत्र के सभी बिजली के पोल में स्ट्रीट लाईट लगाने की मांग कई बार ग्राम पंचायत व जनपद पंचायत तथा स्थानीय अधिकारियों से किया जा चुका है। लेकिन इस गंभीर समस्या के तरफ ध्यान नहीं देने से रात के अंधेरे में लोग अकेले आने -जाने में असुरक्षित महसुस कर रहे है। क्योंकि नगर में आवारो कुत्तों की भी संख्या बढ़ गई है। और ये कुत्ते झुण्ड के झुण्ड गली मोहल्लो में घुमते रहते है, कई लोग अवारा कुत्तों के काटने के शिकार भी हो चुके है, नगर के लोगों ने स्थानीय प्रशासन से तत्काल स्ट्रीट लाईट लगाने की मांग किया है। कहने को अनुविभाग मुख्यालय स्थित ग्राम पंचायत मैनपुर खूर्द विकासखण्ड का सबसे बड़ा ग्राम पंचायत है, और तहसील मुख्यालय भी है, बावजूद इसके यहां निवास करने वाले लोगों को जो सुविधाएं मिलना चाहिए अब तक नहीं मिल पा रही है। शाम होते ही मैनपुर नगर अधेंरे का साम्राज्य कायम हो जाता है पिछले तीन चार वर्षो से नगर में स्ट्रीट लाईट बंद है, जिसके कारण नगर के मुख्य मार्ग सहित गली मोहल्लों में अंधेरा का समराज्य देखा जाता है नागरिक अपने आप को असुरक्षित महसूस करते है। स्ट्रीट लाईट में सुधार नहीं किया जा रहा है, और न ही बिजली के खम्भों में स्ट्रीट लाईट लगाया जा रहा है, जिसके कारण नगर के लोगों को रात के समय में आना- जाना करने में बहुत परेशानी होती है। पूरा नगर अंधेरे में डूबा रहता है। मैनपुर नगर के पटेल पारा, बंजरग चौक, मस्जिद मोहल्ला, अम्बेडकर चौक, शांति नगर, जयंती नगर, कुडकुडी पारा, ठाकुर देव पारा, जनपद मार्ग, अचानपुर, नदीपारा, सहित मुख्य मार्ग व नगर के अधिकांश मोहल्लें वार्डों में स्ट्रीट लाईट बंद हो जाने से अंधेरा छाया हुआ है।




**5 स्थानों पर लगी हाईमास्ट स्ट्रीट लाइट बंद**

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में लगभग 30 लाख रूपये की लागत से हाईमास्क स्ट्रीट लाईट गौठान, बस स्टैण्ड, एसडीएम कार्यालय, लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह, हाईस्कूल के सामने लगाया गया है। लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व इन स्ट्रीट लाईटों का जोरदार शुभारंभ किया लेकिन यह चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात वाली कहावत को चरितार्थ कर रही है, महज 15 से 20 दिन ही यह स्ट्रीट जला उसके बाद से बंद पड़ा हुआ है। स्ट्रीट लाईट क्यों बंद पडा है इसका सुधार क्यों नहीं किया जा रहा है समझ से परे है।

# शैक्षणिक प्रतिस्पर्धाओं में अव्वल दर्जा प्राप्त करने वाले 50 विद्यार्थी पुरस्कृत

**अतरमरा संकुल में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद




प्रतिभा को प्रमाणपत्रों की आवश्यकता नहीं होती, प्रतिभा स्वयं प्रमाणित होती है,परन्तु व्यवहार जगत में प्रतिभाओं की प्रतिभा को निखारने के लिये उन्हें सम्मानित करना आवश्यक होता है। ऐसी प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने के लिऐ 'प्रतिभा सम्मान समारोह' एवं शिक्षक मिलन समारोह का आयोजन संकुल केन्द्र अतरमरा में मंगलवार को किया गया। जिसमे एके सारस्वत जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद,श्याम चन्द्राकर जिला सांख्यिकी अधिकारी जिला गरियाबंद, बी देवांगन संकुल प्राचार्य, विनोद सिन्हा संकुल समन्वयक, अतरमरा, केएल यादव प्रधान पाठक, आरसी ध्रुव, पीआर वर्मा, एवं डीके मेहरा की गरिमामय उपस्थिति में मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर लगभग 50 छात्र- छात्राओं को शैक्षणिक प्रतिस्पर्धाओं में अव्वल दर्जा प्राप्त करने के लिए उत्कृष्ट प्रतिभा प्रदर्शन हेतु संकुल केंद्र अतरमरा द्वारा पुरस्कृत किया गया। एनएमएमएसई कुमारी वर्षा ध्रुव, भोजराज सेन, जवाहर नवोदय विद्यालय में मोना ध्रुव, कक्षा आठवीं मे तृप्ति साहू, कुमारी चांदनी, कक्षा सातवीं कुमारी तृप्ति निर्मलकर, डेमेश्वी, कक्षा छठवीं भूमिका साहू, गोपेश्वर साहू, अनुराग सिन्हा, कक्षा पांचवी वोमेश्वरी निषाद सहित विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत ने छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना के साथ लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रेरणात्मक उद्बोधन देते हुए कहा कि- आंखे दो है, मगर उनका एक ही काम है देखना। कान दो है, किन्तु उनका एक ही काम है सुनना, किन्तु मुँह एक ही होता है पर काम दो करता है खाना और बोलना। इसलिये शुद्ध खाओ और प्रिय बोलो। जिला सांख्यिकी अधिकारी श्याम चंद्राकर ने कहा कि अतरमरा संकुल में जिले के प्रत्येक गतिविधियों का संचालन बहुत ही अच्छे तरीक़े से किया जाता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों की छुपी प्रतिभा को आगे लाने का काम करती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल प्राचार्य बी देवांगन, संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा, खेमलाल यादव, रामचंद्र ध्रुव, पीके वर्मा, डीके मेहरा, मानिक साहू सहित संकुल के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं पालक गण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से किया संपर्क

**नवापारा-राजिम।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को जीत दिलाने के लिए युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन पिछले डेढ़ महीने से अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में अपनी युवा टीम के साथ ताबड़तोड़ जनसंपर्क और प्रचार कर रहे हैं। मंगलवार को श्री देवांगन राजिम के पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय के साथ अंचल के गांवों में जनसंपर्क के लिए निकले। इस दौरान दोनों नेताओं के साथ मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से संपर्क किया। भीषण गर्मी के बावजूद भाजपाइयों का बराबर उत्साह बना हुआ है। श्री देवांगन ने विश्वास जाहिर करते हुए कहा कि निश्चित तौर पर 4 जून को 400 से अधिक सीटों से जीत की खुशी में पूरे देश के भाजपाई और आम जनता एक और दीवाली मनाएंगे।

### दानवीर भामाशाह की जयंती में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर हुए शामिल



**नवापारा-राजिम।** अभनपुर तहसील साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में दानवीर भामाशाह की जयंती, मनाई गईं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि आज हर जगह युवाओं का योगदान महत्वपूर्ण है, युवाओं का देश ओर समाज निर्माण में काफी अच्छा सराहनीय भूमिका देखने को मिलता है। उन्होने दानवीर भामाशाह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक पदाधिकारियों के बीच अपना विचार साझा किए।

### क्षेत्र में इमली का हुआ बंपर उत्पादन

**मैनपुर।** इस वर्ष मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में इमली का बम्पर उत्पादन हुआ है और इमली का फल पक चूका है। और तोड़ाई कार्य किया जा रहा है। ग्राम बेहराडीह के ग्रामीणों ने बताया इस वर्ष इमली का अच्छा उत्पादन मैनपुर क्षेत्र में हुआ है।



# कन्या हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा 75 प्रतिशत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर शासकीय कन्या हाई स्कूल का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। हाई स्कूल मैनपुर में कक्षा नवमीं में 105 विद्यार्थियों में से 103 की उपस्थिति रही। जिसका परीक्षा परिणाम 75 प्रतिशत रहा। प्रथम स्थान शेष कुमारी परस 94.33 प्रतिशत, द्वितीय असमिता पटेल 88.50 प्रतिशत, तृतीय चांदनी मरकाम 81.83 प्रतिशत में उत्तीण किया। संस्था के प्राचार्य सीमा ठाकुर ने छात्र - छात्रओं को बधाई देते हुए उनकी उज्जल भविष्य की कामना की है।

# जिले के लोगों को सभी सुविधाओं का मिले लाभ : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिले में लोकसभा निर्वाचन के मतदान होने के पश्चात कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को समय-सीमा की समीक्षा बैठक में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत निर्वाचन कार्य में लगे हुए सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सफलतापूर्वक मतदान कार्य सम्पन्न कराने पर कहा कि सभी लोगों के सहयोग से लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान के प्रतिशत में विगत चुनाव के अपेक्षा वृद्धि हुई है। उन्होंने समीक्षा बैठक में जिला अधिकारियों को अब वे अपने-अपने प्रशासनिक कार्यो, जनहित एवं प्रगतिरत निर्माण कार्यो में गति लाये। कलेक्टर ने अधिकारी - कर्मचारी प्रशासन के कार्यो को गंभीरतापूर्वक करें और विभागीय कार्यो में प्रगति लाये। कलेक्टर अग्रवाल ने सभी अधिकारियों को कहा कि मूलभूत प्रशासनिक सेवाएं प्रदान करने के लिए सक्रियता और गंभीरता से काम किया जाये। साथ ही प्रगतिरत निर्माण और विकास कार्यो में भी तेजी लाये। उन्होंने कहा कि जिले के आश्रम-छात्रावास के निरीक्षण के लिए जिन-जिन अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है, वे प्रत्येक माह ऐसे आश्रम छात्रावास का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। ताकि कहीं कुछ समस्या है तो उसका निराकरण समय पर किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा प्रदेश के राशन दुकानों में अप्रैल एवं मई माह का पात्रतानुसार चावल आबंटन किया गया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं सार्वभौम पीडीएस के अंतर्गत गरियाबंद जिले के सभी राशन कार्डधारियों को अप्रैल एवं मई दो माह का एकुमश्त राशन मिल रहा है। वर्तमान में 98 प्रतिशत राशन का भण्डारण कर वितरण का कार्य किया जा है। जिले के राशनकार्डधारी अपने संबंधित शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से माह अप्रैल एवं मई 2024 (दो माह) का चावल एक साथ प्राप्त कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त शेष राशन सामग्री जैसे - नमक, शक्कर केरोसीन एवं अनुसूचित क्षेत्रों में चना की मासिक पात्रता के अनुसार ही प्राप्त होगी। ग्रामीणों की जानकारी के लिए गांवों में मुनादी भी कराये। जिले के सभी आगंनबाड़ियों में विद्युत कनेक्शन शत प्रतिशत कराये। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, संयुक्त कलेक्टर श्री नवीन भगत, श्री राकेश गोलछा, पंकज डाहिरे, सभी एसडीएम एवं सर्व जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# पारस मानस परिवार की प्रस्तुति ने किया सराबोर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

विकासखण्ड छुरा से 9 किलोमीटर दूर बसे ग्राम कोरासी में तीन दिवसीय संगीतमय श्रीराम चरित मानसगान सम्मेलन 28 अप्रैल से 30 अप्रैल दिन मंगलवार को समापन दिवस पर विख्यात मानस परिवार के प्रस्तुतियों ने सभी श्रोता समाज का मन मोह लिया। त्रिदिवसीय मानस सम्मेलन के द्वितीय एवं अन्तिम दिवस प्रज्ञा मानस परिवार सोरिद खुर्द, जय भोलेनाथ मानस परिवार भेजराडीह, जय बजरंग मानस परिवार गोदलाबाहरा अकलवारा, स्तुति मानस परिवार अमोरी झलप तुरेंगा महासमुंद, जय मां दुर्गा मानस एवं जगराता ग्रुप बासीन राजिम, सतसंग मानस परिवार कनेसर, जय राजिम लोचन मानस परिवार परतेवा देवरी, ऊवत सुरूज मानस परिवार झितरीडुमर, पारस मानस परिवार रायपुर की प्रस्तुति ने सबको भक्तिरस में डुबो दिया। केवट मानस परिवार के व्याख्याकार गजानंद साहू ने अयोध्या काण्ड पर चर्चा करते हुए कहा कि केवट के प्रति राम का अटपटा प्रेम, भरत का चित्रकूट के लिए प्रस्थान, आदि पर मार्मिक चित्रण किया। वहीं झितरीडुमर के व्याख्याकार गंगाराम मोंगरे ने राम भरत मिलन पर पर चर्चा किया। कनेसर के व्याख्याकार विरेन्द्र साहू ने राम गमन पर चर्चा करते हुए कहा कि भगवान राम के वन जाने से ऋषि मुनियों के साथ मिलना, उनके कष्टों को दूर करना, वहीं पारसमणी मानस परिवार के व्याख्याकार एवं संगीतकार पारस पटेल ने सती अनुसूया पर बहुत ही शिक्षा प्रद व्याख्या प्रदान किया वहीं देवार गीत, बसदेवा गीत, बांस गीत, आल्हा गीत गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। बासीन के व्याख्याकार मनोज साहू ने संत महिमा का बखान किया तथा संतो के चरित्र को निर्मल बताया। व्याख्याकार भागवत नायक ने भरत चरित्र पर वर्णन करते हुए संत भरत की निश्छल प्रेम को परिलक्षित किया। कार्यक्रम में कृषि सभापति प्रहलाद यादव जी तथा ग्राम पंचायत सरपंच कुमारी ध्रुव, चंदन सिंह ठाकुर, नोकेश ध्रुव, कन्हैयालाल ध्रुव, हेमसिह ध्रुव, श्यामलाल, जीवन साहू करकरा, द्रोण दीवान, खेम ध्रुव, नूतन यादव, तारा दीवान, गायत्री ठाकुर, मनीराम दीवान, राजू सिन्हा, तोरण ध्रुव, यादराम दीवान, पूरण निषाद शिक्षक, टिकेश्वरी ध्रुव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन देवनारायण यादव, टिकेश्वर सिन्हा कसेरु तथा पूरन निषाद जी के द्वारा किया गया।

# भाजपा में शामिल कार्यकर्ताओं ने बृजमोहन के पक्ष में किया प्रचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

पिपरौद की एक सभा में सीएम विष्णुदेव साय एवं विधायक इंद्रकुमार साहू की मौजूदगी में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले कार्यकर्ता रायपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को जिताने के लिए एक-एक गांव एवं एक-एक घरो में पहुंचकर ग्रामीणो से संपर्क रहे हैं। टीला के पूर्व सरपंच भुवन साहू ने बताया कि विधानसभा चुनाव में ग्राम टीला में ही 1040 वोटो से भारतीय जनता पार्टी ने लीड किया है, अब लोकसभा चुनाव में लीड और बढ़ेगी तथा भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल अभनपुर क्षेत्र एवं पूरे लोकसभा क्षेत्र से सर्वाधिक वोटो से जितने का दावा किया। श्री साहू ने बताया कि भाजपा में शामिल होने वाले कार्यकर्ता संतोष देवांगन, जगदीश साहू, पुष्पेंद्र वर्मा, संतोष मिस्त्री, नंदकुमार निषाद, आसाराम निषाद, ओंकार वर्मा, ईश्वर पटेल, मुन्ना साहू, नान्हू पटेल, लोमश यादव, महेश साहू, मनीष वर्मा श्री अग्रवाल के लिए गांवो में पहुंचकर जनसंपर्क करने लगे है।

# गायत्री महायज्ञ पुराण का हुआ समापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

क्षेत्र के ग्राम देवरी में गायत्री महायज्ञ पुराण जगत कल्याणकारी सर्वदुखहारी त्रिदिवसीय 28 अप्रैल से 30 अप्रैल तक गायत्री माता महायज्ञ का आयोजन समस्त ग्रामवासी ग्राम देवरी के सहयोग से गायत्री मंदिर देवरी के तत्वाधान में किया गया है। इस महाआयोजन में यज्ञकर्ता सी पी साहू सर डॉ गोपाल साहू वरुण कुमार साहू डोमन लाल साहू ऋषिपुत्र बालोद जिले से पधारे हुए थे। जिन्होंने बचपन से गुरुदेव जी को समर्पित किए हुए हैं। उनका कहना है कि गुरुदेव आचार्य रामशर्मा आचार्य इस युग के देवता हैं। उनका जीवन पूर्णतः निष्कलंक रहा और उन्होंने ये भी बताया कि यज्ञ ही देवताओं का भोजन है। साथ ही विभिन्न प्रकार के संस्कार जिसमे गर्भ संस्कार विद्या संस्कार मुंडन संस्कार करवाए तथा दीक्षा दी गई। इस महान महायज्ञ में ग्राम देवरी के समस्त ग्रामवासी सहर्ष भाग लिए इस महायज्ञ से निश्चित ही सबका कल्याण होगा ग्रामवासी व गायत्री परिवार के प्रयासों के बाद यह पवित्र आयोजन सफल रहा।

